श्री विवेक रंजन मैत्रेय,भा.प्र.से निदेशक, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–07.10.2026 (बुधवार) को अपराह्न 02:30 बजे क्षेत्रीय खेल पदा० के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

1.श्री अजय कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग, पटना।

2.श्री संजीव कुमार सिंह, सहायक निदेशक (युवा), खेल विभाग, पटना।

3.श्री नरेश कुमार चौहान, सहायक निदेशक (युवा), खेल विभाग, पटना।

4.श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल विभाग, पटना।

कार्यवाही

सर्वप्रथम निदेशक महोदय, खेल द्वारा V.C के माध्यम से उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों का स्वागत किया गया।

सभी उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी/उपाधीक्षक, शा0शि0 को विभाग की योजनाओं का विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षात्मक बैठक में निदेशक महोदय, खेल द्वारा बिन्दुवार निम्नवत् निदेश दिये गयेः–

1.मशाल प्रतियोगिता, 2025(1.0)

विगत 2025 में संपन्न मशाल खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत सभी जिलों से प्रेरणा छात्रवृत्ति योजना के अधीन चयनित छात्र/छात्राओं की पूर्ण विवरणी (यथा–विद्यालय का नाम/खेल विधा का नाम/आयु वर्ग/जन्म तिथि/खेल उपलब्धि/विद्यालय यू डायस कोड आदि शामिल हो), इसकी सूची संबंधित जिला खेल पदाधिकारी खेल निदेशालय को उपलब्ध करायेंगे, जिससे उनका डाटा बेस तैयार किया जा सके साथ ही साथ इसके अंतर्गत चयनित छात्र/छात्रा का एक साल के बाद क्या उपलब्धि रही है उसका भी अनुश्रवण किया जाए।

मशाल प्रतियोगिता–2.0 आयोजन होने से पूर्व सभी जिलों के द्वारा क्या कार्रवाई की गयी है, कृत कार्रवाई से निदेशालय को अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

2. मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में निर्मित/निर्माणाधीन/समस्याग्रस्त स्टेडियमों की सूचीः–

समीक्षा के क्रम में निदेशक महोदय के द्वारा सभी जिला खेल पदाधिकारी को निदेशित किया गया है कि अपने जिले में निर्मित स्टेडियम की अद्यतन स्थिति से विभाग को अवगत करायी जाय, अगर आपके जिले में कोई वैसे स्टेडियम जो निजी कारणवश अर्धनिर्मित है तो उसकी सूचना उपलब्ध करायी जाय ताकि उस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जकें।

जिलों में निर्मित स्टेडियम को जिला पदाधिकारी के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को क्रियाशील करने के लिए शारीरिक शिक्षा शिक्षक को संबद्ध करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

3. खेलो इंडिया मार्गदर्शिका 27–30 में वर्णित विभिन्न बिंदुओं का अवलोकन करने के लिए सभी जिला खेल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया तथा उसके अनुरूप उसमें वर्णित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यकता अनुसार कार्य–योजना बनाते हुए विभाग को अवगत कराने हेतु निदेशित किया गया।

4. एकलव्य राज्य आवासिय प्रशिक्षण केंद्र

इसके संबंध में निदेशक महोदय के द्वारा निदेश दिया गया कि जिलों में संचालित एकलव्य प्रशिक्षण केंद्रों का सतत् निरीक्षण एवं अनुश्रवण करेंगे तथा वहाँ की सुविधा/असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करायेंगे।

5. जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता

संबंधित बिंदु की समीक्षा पर निदेशक महोदय के द्वारा सभी जिला खेल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अपने जिले में संपन्न जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए निदेशालय स्तर से एक परिपत्र जारी की जा रही है। उस प्रपत्र में सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही साथ अपने जिले में किसी खेल में सहभागिता नहीं हुई हो तो उसकी सूची भी उपलब्ध करायेंगे तथा उसके कारणों को चिन्हित् करते हुए प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेख करेंगे।

6. <u>स्थापना एवं कार्यालय मद में आवंटन</u>

इस संबंध में विभिन्न जिलों के द्वारा अपने कार्यालय के लिए स्थापना एवं कार्यालय मद में आवंटन की माँग की गयी, जिसके आलोक में निदेशक महोदय द्वारा अधियाचना भेजे जाने का निदेश दिया गया।

7. <u>अन्यान्य</u>

जिला खेल पदाधिकारी, नवादा एवं जिला खेल पदाधिकारी, भागलपुर के द्वारा बताया गया कि खेल भवन में खेल गतिविधी एवं जिम ट्रेनर के लिए ट्रेनर की व्यवस्था की जाये, इसके आलोक में निदेशक महोदय के द्वारा बताया गया कि इस संबंध में विभागीय स्तर से कार्रवाई की जा रही है।

<u>बेल्ट्रॉन के माध्यम से डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की उपलब्धता</u>–

इस संबंध में विभिन्न जिलों के द्वारा यह बताया गया कि डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/लिपिक की कमी के कारण कार्य में असहजता महसूस की जा रही है। अतः सभी जिलों में एक डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की मांग की गयी।

इस संबंध में नियमानुकूल अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/लिपिक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

सधन्यवाद, बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

15/10/26

(विकेक रंजन मैत्रेय)

निदेशक, खेल।

ज्ञापांक–.01/बेल्ट्रॉन-01-02/2026–204 पटना, दिनांक.15/10./2026

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/ निदेशक, खेल विभाग/ संयुक्त सचिव, खेल विभाग/सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा/योजना)/अवर सचिव (संबंधित प्रशाखा–04 &05)/संबंधित/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर/सभी जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक शा0 शिक्षा/उपाधीक्षक शा0 शिक्षा, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/10/26

निदेशक, खेल, ।